पंचदेव मंदिर में गंगा दशहरा मनाया

माई झुंझुनूं 28 मई। गंगा दशहरे के अवसर पर रविवार को बाबा गंगाराम जी का विराट महोत्सव एंव पंचदेव मंदिर का स्थापना कार्यक्रम मनाया गया। अल सुबह से शुरू हुए कार्यक्रमों का दौर देर रात तक चलता रहा। अल सुबह ब्रह्म मुर्हूत में पंचदेव मंदिर में महामंगला आरती के बाद पं. संतराम शास्त्री के सानिध्य में वेद मंत्रों से देव प्रतिमाओं का पंचामृत अभिषेक हुआ। सुबह से ही स्थानीय व प्रवासी भक्तों का तांता मंदिर परिसर में पहुंचने के लिए लगे हुए थे।

भक्ति से सराबोर माहौल में श्रद्धालुओं ने पूजन वंदन किया एवं प्रसाद चढ़ाकर मनौतियां मांगी। जिसके बाद मंदिर सभागार में संगीतमय बाबा गंगाराम अमृतवाणी का सामूहिक पाठ हुआ। जिसमें श्रद्धालु पुरुष व महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर को मंदिर स्थित भक्त शिरोमणी देवकीनंदन अक्षय भवन में विशाल भजन संध्या हुई। जिसमें बीकानेर के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रवेश शर्मा एवं भिवानी के सुप्रसिद्ध गायक मनोज अनिल बन्धु ने सुमधुर भजन सुनाएं। इससे पहले अखंडज्योत प्रज्ज्वलित की गई। वहीं बाबा गंगाराम सहित पंचदेवों की फूलों से सुसज्जित झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भजनों की प्रस्तुतियों ने भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर मंदिर को भी फूलों और रोशनी से सजाया गया। वहीं मंदिर को केसरिया पताकाओं से साज सज्जा कर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। भक्ति शिरोमणी देवकीनंदन की समाधि पर फूलों की रंगोली सजाई गई।

समिति के रामचन्द्र मोदी ने बताया कि इस उत्सव में हिस्सा लेने के लिए राजस्थान के विभिन्न इलाकों के अलावा कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, बैंगलोर, सूरत, अहमदाबाद, उत्तरप्रदेश व भिवानी से भी श्रद्धालु झुंझुनूं पहुंचे। महाआरती के साथ उत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें नगर के गणमान्यजन सहित बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मंदिर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्टी अनिल कुमार मोदी ने आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

शोभा यात्रा के साथ पुरुषोत्तम मास के सत्संग का भव्य आगाज

झुंझनूं 17 जून। फौज का मौहल्ला स्थित श्री ओमप्रकाश जी बडांगाव वालो का निवास स्थान कथा स्थल पर प्रभात फेरी परिवार झुंझनूं द्वारा पुरुषोत्तम मास-अधिक मास के पावन पर्व पर सत्संग का बुधवार प्रात: 8 बजे महिलाओं द्वारा श्री गोपाल गौशाला से कलश यात्रा के साथ किया गया। 500 से अधिक महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो कि खेतान मौहल्ला, राणी सती रोड़, गान्धी चौक, मोदी रोड होते हुए कथा स्थल बडांगाव वालो का निवास स्थान तक पहुचीं। शोभायात्रा के साथ कथावाचक परम पुजनीय स्वामी श्री रामसुख दास जी के सानिध्य में रहे संत श्री हरिशरण जी महाराज प्रभात फेरी परिवार के रथ के साथ हरे रामा-हरे कृष्णा के भजन करते हुए चल रहे थे। यात्रा का मुख्य मार्गो मे स्वागत पुष्प वर्षा के साथ किया गया जगह जगह यात्रा के स्वागत में तोरण द्वार सजाये गये। कलश यात्रा से पूर्व मुख्य यजमान ओमप्रकाश-अरुण-अनिल एंव गिरधारी बडांगाव वाला की और से रामकथा एंव भक्तमाल कथा ग्रन्थ का पूजन विधिविधान के साथ किया गया। रामकथा एंव भक्तमाल कथा ग्रन्थ को अपने मुकुट पर श्रद्धा के साथ धारण कर मुख्य यजमान एंव अन्यजन कलश शोभा यात्रा के साथ चल रहे थे। विदित है कि सत्संग का भव्य व विशाल आयोजन 17 जून से 16 जुलाई तक किया जा रहा है जिसमें में रामकथा एंव भक्तमाल कथा का समय अपरान्ह 3 बजे से एंव प्रात: 8 बजे से गीता ज्ञान एंव हरी कीर्तन का आयोजन होगा। प्रात: 5.15 बजे से गणेश मंदिर, गांधी चौक व नगर नरेश बालाजी से नियमित निकलने वाली प्रभात फेरी में भी संत श्री हरिशरण जी महाराज का सानिध्य रहेगा। व्यास पीठ से संत श्री हरिशरण जी महाराज अपनी सुमधुर चिर परिचित शैली में कथा का रसपान श्रोता भक्तो को करवाया। इस अवसर पर ताराचन्द गुप्ता, सुभाष क्यामसरिया, नरौत्तम लाल राणासरिया, श्री गोपाल हलवाई, गीलुराम मोदी, डी.एन.तुलस्यान, विजय कुमार तुलस्यान, कैलाशचन्द्र सिंघानिया, सत्यनारायण हलवाई, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, शशिकांत पंसारी, विनोद केडिया, अरुण राणासरिया, सीए मनीष अग्रवाल, कैलाश जांगिड, रतन मोरवाल, डा.रवि शर्मा, वीरेन्द्र शाह, राजेश ढेडिया, सुभाष जालान, दिनेश ढंडारिया, निलेश टीबडा, केशरदेव तुलस्यान, निर्मल सिंगडोदिया, मुरारी रुंगटा, प्रवीण ढेडिया, अनुप टीबडा, बुलीश बंका सुरत सहित अन्यजन बडी संख्या मे उपस्थित थे।

झुंझनूं 24 जून। माई झुंझनूं डॉट कॉम के संस्थापक केशरदेव तुलस्यान के चुणा का चौक राणी सती रोड स्थित निज निवास पर बुधवार सांयकाल 7.30 बजे संत श्री हरिशरण जी महाराज के आगमन पर महाराज श्री का दुपट्टा एंव शॉफा ओढाकर माल्यार्पण के साथ केशरदेव तुलस्यान ने भावभीना स्वागत अभिनन्दन किया। महाराज श्री ने कुछ समय सत्संग भी किया। इस अवसर पर परिवार के प्रशान्त-डी.एन.तुलस्यान, माधव-सुनील-विजय कुमार तुलस्यान उपस्थित थे।

पुण्यतिथी पर अश्रुपुरित श्रद्धांजली

स्व. श्रीमती उषादेवी तुलस्यान
पुण्य तिथि 29 जून 2009

तुम्हारा त्याग, सादगीपूर्ण जीवन, दयाभाव व मधुर व्यवहार सदैव याद रहेगा सभी पारिवारजन आपको अश्रुपुरित श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। **श्रद्धावनत:-**
दीपक तुलस्यान (पति), स्वपनिल-रचित-प्राची (पुत्र-पुत्री), आत्माराम-श्रीमती सीता देवी(सास-स्वसुर), प्रवीण-श्रीमती कविता (जेठ-जिठानी), प्रदीप-किर्ती (देवर-देवरानी) एवं समस्त तुलस्यान परिवार।

-: प्रतिष्ठान :-
लक्ष्मी प्लास्टिक इन्डस्टीज, सीता एन्टरप्राईजेज, शिवांग शेयर एण्ड स्टॉक ब्रोकर, जयपुर

सेजल एंव अजय तुलस्यान ने मारी बाजी



माई झुं.न्यूज। झुंझुनूं निवासी जयपुर प्रवासी स्व. बिलासराय तुलस्यान के सुपुत्र रामगोपाल तुलस्यान की सुपौत्री सेजल तुलस्यान सुपुत्री प्रमोदकुमार तुलस्यान ने कक्षा 10 वीं सीबीएसइ बोर्ड में 9.6 सीजीपीए अंक तथा अजय तुलस्यान सुपुत्र अनिल कुमार तुलस्यान ने 8.4 सीजीपीए अंक प्राप्त कर परिवार को गौरवान्वित किया है। दोनों बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय बड़े बुजुर्गों एवं गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया है। सेजल एंव अजय की इस सफलता पर झुंझुनूं में रामचन्द्र, भरत कुमार, विनोद कुमार एवं सन्तकुमार तुलस्यान के परिवार सहित अन्यजन ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

एबीएन स्कूल में समर कैंप का आयोजन

माई झुं.न्यूज। चूणा चौंक स्थित आदर्श बाल निकेतन स्कूल में दिनांक 15 जून 2015 से 30 जून 2015 तक समर कैंप आयोजन में बच्चें विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर कुशल प्रशिक्षिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

कैंप में डांस, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, स्पोकन इंगलिश, कम्प्यूटर, हैंडराइटिंग, बैंडमिटंन व टेबल टेनिस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि 106 बच्चें इस कैंप का लाभ उठा रहें है। प्रत्येक प्रतिभागी 2-3 गतिविधियों मे समयानुसार भाग ले सकता है। समापन समारोह 30 मई को होगा। सचिव पी. एल. हलवाई ने कैंप का निरिक्षण किया एंव सुचारू रूप से चल रहे कैप की प्रशंसा की।

आन्तरिक सुरक्षा योजना के तहत हुआ सुरक्षा पुर्वाभ्यास

झुंझुनू, 02 जून: आन्तरिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा का पूर्वाभ्यास किया गया। दोपहर एक बजकर 5 मिनट पर पुलिस नियंत्राण कक्ष को मोबाइल के माध्यम से रेलवे स्टेशन पर बम विस्फोट होने तथा फायी संख्या में व्यक्तियों के घायल होने की सूचना अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेन्द्र माहेश्वरी द्वारा दी गई। जिला कलेक्टर एसएस सोहता तथा पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा आन्तरिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत सुरक्षा पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की रेलवे स्टेशन पर पंहुचकर समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक शहर, थानाधिकारी कोतवाली, थानाधिकारी सदर, यातायात इन्चार्ज एक बजकर 10 मिनट पर, नगर परिषद् आयुक्त एक बजकर 12 मिनट पर, पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण एक बजकर 13 मिनट पर, प्रथम अग्निशमन दल एक बजकर 13 मिनट पर, जबकि दूसरा अग्निशमन दल एक बजकर 15 मिनट पर पंहुचा। वहीं महिला पुलिस थानाधिकारी भी एक बजकर 15 मिनट पर पंहुचे। इसके अलावा सीआईडी जोन एक बजकर 16 मिनट पर, पुलिस जाप्ता एक बजकर 17 मिनट पर, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता एक बजकर 20 मिनट पर, डीएसपी ब्रांच पुलिस एक बजकर 20 मिनट पर पंहुचे। सावर्जनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता एक बजकर 25 मिनट पर, मेडिकल टीम एक बजकर 27 मिनट पर, तहसीलदार एक बजकर 27 मिनट पर, एम्बूलेंस बड़ागांव से एक बजकर 28 मिनट पर तथा झुंझुनू उपखण्ड अधिकारी एक बजकर 20 मिनट पर पंहुची। इस दौरान सोहता ने सभी अधिकारियों से कहा है कि इस प्रकार के पूर्वाभ्यास नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक रूप से किए जाने चाहिए। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के पुलिस महकमें को डॉग स्कवाइड दिलवाने के लिए राज्य सरकार एवं पुलिस महानिदेशक को लिखा जाएगा।

विश्व प्रर्यावरण दिवस पर किया पौद्यारोपण

माई झुं.न्यूज। नारायण सेवा संस्थान झुन्झुनूँ द्धारा शुक्रवार को विश्व प्रर्यावरण दिवस पर महिला रत्न प्रसिद्ध चिकित्सक बबिता कुमावत के मुख्य आतिथ्य में जयपुर रोड पर पौद्यारोपण किया गया । संस्थान के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमावत ठेकेदार ने बताया की संस्थान द्धारा सैंकडों पौधें लगााये जायेगें। इस अवसर पर बनवारी लाल कुण्डलवाल, चतरूराम , जगदीश प्रसाद, बाबुलाल , गोवीन्द , धंमपाल , डॉ रतन , कमल कुमावत , सुनिल स्वामी ,दीपक, अभिनन्दन कुमावत, रोहिताश सहित अनैक लोग मौजूद थें ।

रोनक ने मारी बाजी

माई झुं.न्यूज। झुंझुनूं निवासी शोलापुर बैंक आफ बडौदा में मैनेजर पद पर कार्यरत तेजप्रकाश तुलस्यान के सुपुत्र रोनक कुमार तुलस्यान ने कक्षा 10 सीबीएसई बोर्ड में 10 सीजीपीए अंक प्राप्त कर परिवार को गौरवान्वित किया है। रोनक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादाजी राधेश्याम तुलस्यान सहित बड़े बुजुर्गों एवं गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया है। रोनक की इस सफलता पर झुंझुनूं में तुलस्यान परिवार सहित अन्यजन ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

विकास एवं निकिता जीवन साथी बने

माई झुं.न्यूज। श्री चावो वीरो मंदिर बगड़ में चि. विकास सुपुत्र श्रीमती मधु-प्रमोद जी खेतान, सुपौत्र स्व. श्रीमती सरबती देवी-स्व. श्री रामावतार जी खेतान एवं सौ.कां. निकिता सुपुत्री श्रीमती बबीतादेवी-श्री कृष्णकुमार जी अग्रवाल, सुपौत्री श्रीमती पिस्तादेवी-श्री प्रभातीलाल जी अग्रवाल गुढ़ागौड़जी का शुभ विवाह 12 जून 2015 को साआनन्द सम्पन्न हुआ। सभी आगन्तुकों का आतिथ्य खेतान परिवार के महीपाल, केशरदेव, बालकिशन, महेन्द्र, कैलाशचन्द्र, विमल, सज्जन, पवन, सुरेन्द्र, पंकज एवं खेतान परिवार के अन्यजन ने किया।